Tender Heart High School, sector - 33 B Chandigarh

Class - 3 Subject - Hindi Language

शिक्षिका - श्रीमती कल्पना शर्मा

## 'चित्र लेखन'

सुप्रभात बच्चो!

यह पाठ 'चित्रलेखन' कक्षा तीसरी की हिन्दी व्याकरण का है।

बच्चो! आज हम 'चित्रलेखन' के बारे में पढ़ेंगे। सभी विद्यार्थी अपने पास हिन्दी की एक अभ्यास पुस्तिका (नोटबुक) भी रख लें क्योंकि पाठ के बीच में मैं आपको कुछ कार्य लिखने के लिए भी दूँगी।

किसी वस्तु या चित्र को देखकर हमारे मन में अनेक भाव उत्पन्न होते हैं। अपने इन भावों को हम प्रभावशाली भाषा के द्वारा ही व्यक्त करते हैं। यही चित्र लेखन का उद्देश्य है।

बच्चो! किसी चित्र को देखकर मन में उठने वाले भावों को लिखना 'चित्र लेखन' कहलाता है।

☆ चित्रलेखन करते समय निम्नलिखित बातों का ध्यान रखना चाहिए।

- चित्र को ध्यानपूर्वक देखकर दृश्य को समझने का प्रयास करना चाहिए।
- चित्र में दिखाई दे रही वस्तुओं व पात्रों को अपने दिमाग में बिठा लेना चाहिए।
- चित्र लेखन की भाषा सरल व स्पष्ट होनी चाहिए।
- वाक्य रचना करते समय मुहावरों का प्रयोग भी किया जा सकता है।
- चित्र लेखन लिखते समय उचित विराम चिह्नों का प्रयोग करना चाहिए।

Class - 3 Subject - Hindi Language

'चित्र लेखन' - शिक्षिका - श्रीमती कल्पना शर्मा

बच्चो! मैंने आपको चित्र लेखन के बारे में समझा दिया है। आशा है कि आप सबने इसे ध्यान से समझा होगा। अब मैं आपसे कुछ प्रश्न पूछने जा रही हूँ। जिनके उत्तर आप अपनी हिन्दी व्याकरण की नोटबुक में लिखोगे।

प्रश्न 1. चित्र लेखन किसे कहते हैं?

प्रश्न 2. चित्र लेखन की भाषा कैसी होनी चाहिए?

प्रश्न 3. वाक्य रचना करते समय किस का प्रयोग किया जा सकता है?

अब आप तीन मिनट की ब्रेक ले सकते हैं।

उत्तर 1. चित्र को देखकर मन में उठने वाले भावों को लिखना ही चित्र लेखन कहलाता है।

उत्तर 2. चित्र लेखन की भाषा सरल तथा स्पष्ट होनी चाहिए


उत्तर 3. वाक्य रचना करते समय मुहावरों का प्रयोग किया जा सकता है।

बच्चो! मैंने आपको चित्र लेखन के बारे में समझा दिया है। उम्मीद है आपको यह पाठ आपको अच्छी तरह से समझ आ गया होगा। अब मैं आपको एक चित्र दूँगी जिसका लेखन आप सभी अपनी-अपनी हिन्दी व्याकरण की नोटबुक में लिखेंगे। सभी बच्चे नीचे दिए गए चित्र को ध्यानपूर्वक देखें तथा चित्र देखकर मन में उठने वाले भावों को अपनी हिन्दी व्याकरण की नोटबुक में लिखें।

classmate
Date 3

Class - 3 Subject- Hindi Language

'चित्र लेखन'




1. यह चिड़ियाघर का चित्र है।
2. यहाँ पर बहुत से जानवर दिखाई दे रहे हैं।
3. बच्चे जानवरों को देख कर खुश हो रहे हैं।
4. पिंजरे के अंदर शेर-शेरनी हैं।
5. तीन बंदर पेड़ पर बैठे हैं।
6. चिड़ियाघर बहुत सुंदर है।
7. मगरमच्छ तालाब के किनारे लेटा है।

(Last Page)